# निवेश के लिए एनआरआई अब यूपी से सीधे जुड़ेंगे

**हिन्दुस्तान खास**

राज्य मुख्यालय | **अजित खरे**

प्रवासी भारतीय अब निवेश के लिए सीधे उत्तर प्रदेश से जुड़ सकेंगे। इसके लिए यूपी एनआरआई पोर्टल डेढ़ दर्जन देशों में भारतीय दूतावास से जोड़ा गया है। इसमें अमेरिका, कनाडा व थाईलैंड से लेकर घाना व अंगोला तक शामिल हैं। इन देशों में रहने वाले एनआरआई (खास तौर पर यूपी मूल के ) न केवल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समझ सकेंगे, साथ ही बदलते उत्तर प्रदेश में निवेश के मौके भी जान सकेंगे। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

उत्तर प्रदेश एनआरआई विभाग ने यूपीएनआरआई पोर्टल को विभिन्न देशों में भारतीय दूतावास के पोर्टल से लिंक कर दिया है। अब इससे इन दूतावासों के पोर्टल पर यूपी में एनआरआई के हितों के लिए चल रही योजनाएं, निवेश के विभिन्न सेक्टर व राज्य की प्रगति देखी जा सकती है। मसलन, थाईलैंड के मेट्रो स्टेशन में बुद्ध सर्किट का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।